बैठक | सीधी वायु सेवाओं से जबलपुर को देश के प्रमुख शहरों से जोड़ने पर हुई चर्चा, जबलपुर संघर्ष समिति की बैठक आयोजित

# जबलपुर से मुंबई एवं बेंगलुरू फ्लाइट रोज चले



**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर की वायु सेवाओं के विस्तार एवं उन्हें अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जबलपुर संघर्ष समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जबलपुर से संचालित हो रही वर्तमान विमान सेवाओं की स्थिति, यात्रियों की बढ़ती आवश्यकताओं तथा क्षेत्र के आर्थिक एवं औद्योगिक विकास को ध्यान में रखते हुए विस्तृत चर्चा की गई। जबलपुर संघर्ष समिति के संयोजक हिमांशु खरे ने बताया कि बैठक में विशेष रूप से जबलपुर से मुंबई एवं बंगलुरू के लिए विमान सेवाओं को प्रतिदिन संचालित किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि दोनों महानगरों के लिए नियमित दैनिक उड़ानें न केवल व्यापार, उद्योग एवं निवेश को प्रोत्साहित करेंगी, बल्कि शिक्षा, चिकित्सा एवं पर्यटन क्षेत्र के लिए भी अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगी। हिमांशु खरे ने बताया कि आज इंडिगो एयरलाइंस के शीर्ष प्रबंधन के साथ वर्चुअल मीटिंग भी आयोजित की गई जिसमें मॉनसून शेड्यूल में जबलपुर से मुंबई एवं बंगलुरू फ्लाइट को रोजाना चलाने चर्चा हुई। साथ ही जबलपुर मुंबई फ्लाइट को पूर्व की भांति नवी मुंबई से न चलाकर पुराने मुंबई एयरपोर्ट से चलाने पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। इंडिगो प्रबंधन ने उपरोक्त मांगों पर शीघ्र कार्रवाई करने आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त, बैठक में जबलपुर को देश के अन्य प्रमुख शहरों से भी सीधी वायु सेवाओं के माध्यम से जोड़ने पर विस्तार से चर्चा हुई। समिति के बलदीप मैनी, डॉ सुधीर तिवारी, गीता शरत तिवारी, आई के खन्ना, प्रीति चौधरी, देवब्रत मिश्रा, पी एस राजपूत ने सुझाव दिया कि जबलपुर से पुणे, अहमदाबाद, कोलकाता, चेन्नई एवं अन्य महत्वपूर्ण शहरों के लिए भी नियमित उड़ानों की संभावनाओं पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। समिति के मनु शरत तिवारी, पंकज माहेश्वरी, हिमांशु राय, अरुण पवार, डॉ अंजना तिवारी, अभिषेक जैन, लक्ष्मीकांत सेन ने बताया कि बैठक में यह भी निर्णय लिया कि एयरलाइंस कंपनियों, विमानन मंत्रालय एवं संबंधित प्राधिकरणों के समक्ष जबलपुर की वायु सेवाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण की मांग को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। समिति का मानना है कि मध्य भारत के एक प्रमुख औद्योगिक, व्यापारिक, शैक्षणिक एवं पर्यटन केंद्र के रूप में जबलपुर को व्यापक वायु संपर्क उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है।

### आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करेगा

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि जबलपुर की वायु सेवाओं का विस्तार पूरे महाकौशल क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करेगा तथा निवेश एवं रोजगार के नए अवसरों का सृजन करेगा तथा इस संबंध में जबलपुर की उपेक्षा को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## सड़क पर फैली निर्माण सामग्री बढ़ रही जाम की समस्या

**नवभारत, जबलपुर।** शहर के व्यस्त करमचंद चौक के समीप एक सड़क पर मलबा, गिट्टी, रेत और अन्य निर्माण सामग्री का ढेर लगा दिया गया है। पहले से ही संकरी इस सड़क पर दिनभर दोपहिया, चारपहिया वाहनों, ऑटो और पैदल राहगीरों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में सड़क का बड़ा हिस्सा निर्माण सामग्री से घिर जाने के कारण वाहनों की आवाजाही बाधित हो रही है। सुबह और शाम के व्यस्त समय में यहां अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है, जिससे लोगों को काफी देर तक फंसे रहना पड़ता है। बरसात के चलते सड़क पर कीचड़ और पानी भर जाने से समस्या और गंभीर हो गई है। जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पहले से ही संकरी है, ऐसे में निर्माण सामग्री खुले में रखे जाने से दोपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को काफी दिक्कत होती है। कई बार वाहन चालकों को सामने से आने वाले वाहनों को निकलने के लिए रुकना पड़ता है, जिससे जाम जैसी स्थिति बन जाती है। बरसात में मलबा और गिट्टी सड़क पर फैलने से फिसलन भी बढ़ गई है। लोगों ने नगर निगम से सड़क चौड़ीकरण कराने की भी मांग की है, ताकि यातायात कम प्रभावित हो और भविष्य में जाम की समस्या से स्थायी राहत मिल सके।




## सिख संगत ने नांदेड़ गुरुद्वारा एक्ट 2026 का किया विरोध

**नवभारत, जबलपुर।** महाराष्ट्र सरकार द्वारा तख्त सचखंड हजूर साहिब नांदेड़ गुरुद्वारा एक्ट 1956 को हटाकर गुरुद्वारा एक्ट 2026 लागू करने के प्रस्ताव के विरोध में जबलपुर सिख संगत के नेतृत्व में गुरुद्वारा माइयां, नेपियर टाउन में बैठक हुई। इसमें नए एक्ट को सिख समाज की धार्मिक भावनाओं और परंपराओं के खिलाफ बताया गया। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता एन. एस. रूपराह और अधिवक्ता जे. पी. एस. ओबेरॉय ने इसके संवैधानिक पहलुओं को समझाते हुए कहा कि नए नियमों का हजूर साहिब के प्रबंधन और पारंपरिक व्यवस्था पर बड़ा असर पड़ेगा, इसलिए सिख समाज से सलाह लेना जरूरी है। जबलपुर सिख संगत के अध्यक्ष हरेन्द्रजीत सिंह बब्बू, मंजीत सिंह बेदी और दलबीर सिंह जस्सल ने कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, अकाल तख्त के सिंह साहिबान और अन्य पंथक संस्थाओं से बिना चर्चा किए नया कानून बनाना ठीक नहीं है।

### विरोध के बाद महाराष्ट्र सरकार ने फैसला टाला

सिख प्रतिनिधियों ने सर्वोच्च धार्मिक संस्था की मर्यादा, परंपरा और स्वायत्तता को समाज की अमूल्य धरोहर बताते हुए सर्वसम्मति से पुराना एक्ट 1956 जारी रखने और नए एक्ट 2026 पर तुरंत रोक लगाने की मांग का प्रस्ताव पास किया। संगत ने भारत और महाराष्ट्र सरकार सहित संवैधानिक अधिकारियों को ज्ञापन देकर आपत्ति जताने का फैसला लिया और कहा कि यह आस्था, धार्मिक आजादी, अधिकारों तथा ऐतिहासिक विरासत का मामला है, जिस पर समाज शांतिपूर्ण ढंग से अपना पक्ष रखेगा। इस बैठक में सिख समाज की धार्मिक, सामाजिक और शैक्षणिक संस्थाओं के पदाधिकारी शामिल हुए। भारी विरोध को देखते हुए फिलहाल महाराष्ट्र सरकार ने इस एक्ट को टाल दिया है और सिख समाज से बातचीत के लिए एक कमेटी बनाई है।

## इंडियन कॉफी हाउस की नई शाखा का शुभारंभ

**नवभारत, जबलपुर।** इंडियन कॉफी हाउस ने जबलपुर रेलवे स्टेशन के पास एसपी ऑफिस कॉम्प्लेक्स में नई शुद्ध शाकाहारी शाखा का शुभारंभ किया है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन एडीजी प्रमोद वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस दौरान इंडियन कॉफी वर्कर्स को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ. ओ. के. राजगोपालन ने बताया कि वर्ष 1958 में स्थापित यह संस्था आईएसओ प्रमाणित है। इसकी शुरुआत जबलपुर में सिर्फ 16 सदस्यों और ?1,365 की पूंजी से हुई थी, जो आज देश के 21 राज्यों में 195 से अधिक शाखाओं का संचालन कर रही है। यह पूर्णतः श्रमिकों की सहकारी संस्था है, जिसका संचालन इसके कर्मचारी खुद करते हैं। इस नई शाखा में अनुभवी शेफ द्वारा तैयार दक्षिण भारतीय, उत्तर भारतीय और चाइनीज़ व्यंजन जैसे मसाला डोसा, इडली, वड़ा-सांभर, नारियल चटनी, कटलेट, उपमा, उत्तपम और वेज बिरयानी उपलब्ध हैं। संस्था को उत्कृष्ट खानपान व आतिथ्य के लिए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुके हैं। इस मौके पर डीआईजी अतुल सिंह, एसपी सम्पत उपाध्याय, एएसपी अनु बेनीवाल जाखड़, एएसपी पल्लवी शुक्ला, जितेंद्र सिंह, अखिलेश तिवारी, अंजना तिवारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।



## श्रमिकों के शोषण को रोकने के लिए एक समान वेतन की मांग

**नवभारत, जबलपुर।** इंडियन नेशनल सैलरीड एंड प्रोफेशनल वर्कर्स फेडरेशन (इंटक) की अखिल भारतीय कार्य समिति की बैठक फेडरेशन के अध्यक्ष व इंटक राष्ट्रीय सचिव डॉ. एम. पी. पद्मनाभन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का उद्घाटन करते हुए वरिष्ठ सचिव व गुजरात अध्यक्ष एडवोकेट नैषाद देसाई ने कहा कि वर्तमान माहौल में मजदूरों का भविष्य सुरक्षित नहीं है, जिसके चलते संगठनों से चर्चा किए बिना नए श्रम कानून थोपने के केंद्र व राज्य सरकारों के कदमों के खिलाफ लगातार राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी सिलसिले में बैठक के दौरान केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए श्रम कानूनों को वापस लेने और कोर्ट के फैसलों के तहत भविष्य निधि पेंशन बढ़ाने की भी मांग की गई।



### श्रम कानूनों को वापस लेने की मांग

फेडरेशन के प्रतिनिधियों ने सैलरीड व प्रोफेशनल वर्कर्स का शोषण रोकने के लिए सुरक्षा, सुविधा, काम के घंटे तय करने और एक समान कार्य के लिए एक समान वेतन निर्धारित करने पर जोर दिया। इसके साथ ही सुरक्षित भविष्य के लिए दुर्घटना बीमा, हेल्थ इंश्योरेंस व पेंशन योजना बनाने हेतु सभी ने अपने सुझाव रखे। बैठक में एड. नैषाद देसाई, एम. के. बीरन, रामराज तिवारी, राहुल त्रिपाठी, राकेश डी. पी. पाठक, एन. के. यादव, राकेश ब्रम्ह भट्ट, डॉ. भास्करन, प्रदीप जोशी, संजय जेवी, सरला एन. स्वामी, एड. पंकज जोशी, प्रकाश श्रीमाल, के. इलावती, राणा प्रताप, अरुण देसाई, डॉ. भास्कर, के. अब्दुल रज्जाक और बनश्री गोगोई सहित कई राज्यों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## डॉ. नवीन कोठारी स्टेट अचीवर्स अवॉर्ड के लिए नामांकित

**नवभारत, जबलपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान, जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा समाजहित में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए एमपी हलचल टीवी न्यूज़ द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रतिष्ठित 'एमपी हलचल स्टेट अचीवर्स अवार्ड' हेतु नामांकित किया गया है। यह सम्मान उनके नेतृत्व में जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान सहित विभिन्न जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं के सफल संचालन एवं उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्यों की सराहना के रूप में दिया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ. नवीन कोठारी ने इस सम्मान के लिए एमपी हलचल टीवी न्यूज़ एवं आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम के समर्पण, मेहनत और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का सम्मान है। उन्होंने भविष्य में भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संकल्प व्यक्त किया। यह उपलब्धि जबलपुर जिले के स्वास्थ्य विभाग के लिए गर्व का विषय है तथा स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायक है।






## जिम एवं सीपीसी कैन्टीन भवन का उद्घाटन

**नवभारत, जबलपुर।** पुलिस कल्याणकारी योजना अंतर्गत पुलिस लाईन जबलपुर में पुलिस कर्मियो के लिये सर्वसुविधायुवक्त जिम एवं सीपीसी कैन्टीन के भवन का अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर जोन जबलपुर प्रमोद वर्मा द्वारा पुलिस उप महानिरीक्षक जबलपुर रेंज जबलपुर अतुल सिंह एवं पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय की उपस्थिति में रिबिन काटकर उद्घाटन किया गया। जिम एवं सीपीसी कैन्टीन को सर्वसुविधा युक्त बनाया गया है। तीनों वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जिम एवं सीपीसी कैन्टीन का निरीक्षण करते हुये जिम में लगे उपकरणों का स्वयं उपयोग किया गया। सामाग्री का भी निरीक्षण किया गया।

पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों के स्वास्थ का ध्यान रखते हुये जिम में फिटनेस के लिए उपयोगी उपकरण लगाये गये है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनु बेनिवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन 4 सुश्री अंजना तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक हेमंत, रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य, अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

## एनसीसी कैडेट्स को दी गई साइबर सुरक्षा की जानकारी

**नवभारत, जबलपुर।** 1 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल नितिन शर्मा एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्नल समीर बोडस के दिशा-निर्देशन में तिलहरी स्थित जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट एक्शन एंड स्टडीज और जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के चौथे दिन 2 जुलाई को एनसीसी कैडेट्स को आधुनिक तकनीक, सुरक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों का प्रशिक्षण दिया गया। द्वितीय सत्र में कैडेट्स को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ते प्रभाव तथा साइबर सिक्योरिटी की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें बैंक खातों से होने वाली ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव और अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने के उपाय समझाए गए। इसके साथ ही कैडेट्स को ड्रोन के इतिहास, कार्यशैली, आपदा के समय दूरस्थ स्थानों पर सामग्री व दवाइयां पहुंचाने और सेना में इसके उपयोग से परिचित कराया गया। शिविर की शुरुआत में सहज योग संस्थापिका माता निर्मला देवी की पद्धति के माध्यम से आत्म-साक्षात्कार प्राप्त करने की विधि प्रदर्शित की गई, जिससे शारीरिक कुंडलियों को जागृत कर शरीर को स्वस्थ और निर्मल रखा जा सके। इसके पश्चात् डॉक्टर द्वारा चिकित्सकीय आपातकालीन समय में उठाए जाने वाले कदमों एवं सीपीआर के बारे में जानकारी दी गई तथा एएनओ एवं पीआई स्टाफ द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



स्थापना दिवस | स्थापना दिवस समारोह में चिकित्सकों, कर्मचारियों, सेवा संगठनों और सहयोगी संस्थाओं का सम्मान

## सीजीएचएस ने दी वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान जनक सुलभ सुरक्षा : सांसद

**नवभारत, जबलपुर।** केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) ने देश के लाखों केंद्रीय कर्मचारियों, पेंशनर्स और वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानजनक एवं सुलभ स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराई है। यह योजना प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के संकल्प को साकार कर रही है। यह बात जबलपुर सांसद आशीष दुबे ने राइट टाउन स्थित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) हॉल में आयोजित सीजीएचएस स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सीजीएचएस इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे हजारों परिवार लाभान्वित हो रहे हैं।

सांसद ने इस अवसर पर सीजीएचएस के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ योजना के संचालन में सहयोग देने वाले सेवा संगठनों, मान्यता प्राप्त अस्पतालों और रक्तदान संस्थाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विजन जबलपुर के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने कहा की सीजीएचएस वरिष्ठ नागरिकों और पेंशनर्स के लिए संजीवनी समान योजना है। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना के माध्यम से बुजुर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं, जिसके लिए वे भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। वहीँ कार्यक्रम में उपस्थित रहे सीजीएचएस के अपर निदेशक डॉ. ए.के. सुधांशु ने बताया की जबलपुर के छह वेलनेस सेंटरों के माध्यम से करीब 96 हजार कार्डधारक अपने परिवार सहित इस योजना का लाभ ले रहे हैं। उन्होंने कहा की सभी लाभार्थियों को सहज एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही उन्होंने स्थापना दिवस समारोह के नियमित आयोजन के लिए विजन जबलपुर की सराहना की। कार्यक्रम में मध्य क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पांडे, सीजीएचएस के अपर निदेशक डॉ. ए.के. सुधांशु, विजन जबलपुर के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, आईएमए की डॉ. रिचा शर्मा, डॉ. शामिक रजा तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।समारोह के सफल आयोजन में विजन जबलपुर के सी.एस. राजपूत, एस.के. बनर्जी, कृपाशंकर शर्मा, अनूप मजूमदार, अजय राजपूत, अरुण कुमार दुबे, संतोष चौबे, आलोक तिवारी, एम.एन. सिंह, प्रदीप श्रीवास्तव, टेकचंद अधिकारी, कन्हैयालाल, यशवंत राव सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर संवाद कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार ठोस अपशिष्ट प्रबंधन 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा रेलवेपरिसरों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने के उद्देश्य से संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मंडल यांत्रिक अभियंता (पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग) साईं रमेश, मुख्य स्टेशन प्रबंधक तथा विद्युत, यांत्रिक, चिकित्सा, वाणिज्य एवं इंजीनियरिंग विभाग के पर्यवेक्षकों ने भाग लिया। इसी प्रकार अन्य रेलवे स्टेशनोंपर भी संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी अनुपालन, विभिन्न विभागों के मध्य बेहतरसमन्वय, कचरे के स्रोत पर पृथक्करण वैज्ञानिक संग्रहण एवं प्रसंस्करण, प्लास्टिक अपशिष्ट के समुचित प्रबंधनतथा स्टेशन परिसरों में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को और अधिक सुदृढ़ बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों परविस्तृत चर्चा की गई।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर लोककर्म विभाग

### तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | PRO- 352 Date-02/06/2026<br>2026_UAD_518919_1 | वार्ड क्रं. 76 के अंतर्गत मरघताई मोहल्ला में रमेश कुशवाहा के घर से राजभर बड़गैया के घर की ओर एवं कुलाना मोहल्ला में डुम्मा के घर से बडयालाल विश्वकर्मा के घर तक एम-30 सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 02 माह<br>₹ 9.87 लाख | 2000/-<br>9874/- | 13/07/2026 |
| 2. | PRO- 352 Date-02/06/2026<br>2026_UAD_518919_2 | वार्ड क्रं. 76 के अंतर्गत बंगाली कालोनी में संदीप के घर से गुप्ता जी के घर की ओर एवं डी.एल. जाबेध के घर तक एम-30 सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 02 माह<br>₹ 7.05 लाख | 2000/-<br>7050/- | 13/07/2026 |
| 3. | PRO- 352 Date-02/06/2026<br>2026_UAD_518919_3 | वार्ड क्रं. 76 के अंतर्गत दामाद मोहल्ला में अनुराग बोस के घर से महेंद्र मंडलवाल के घर तक एम-30 सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।(पार्षद अनुशंसा) | 02 माह<br>₹ 7.49 लाख | 2000/-<br>7490/- | 13/07/2026 |
| 4. | PRO- 352 Date-02/06/2026<br>2026_UAD_518919_4 | वार्ड क्रं. 76 के अंतर्गत मड़ई शमशान घाट में पेवर ब्लाक लगाये जाने बाबत।(पार्षद अनुशंसा) | 02 माह<br>₹ 6.70 लाख | 2000/-<br>6700/- | 13/07/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री लोककर्म विभाग नगर निगम जबलपुर